# Bihar Hindi Questions and Answers

**Directions (1-30) निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

**Q1.** 'त्याज्य' का विलोम शब्द है-
(a) अनाहूत
(b) कृपण
(c) धृष्ट
(d) ग्राह्य

**Q2.** 'उधो का लेना न माधो को देना', मुहावरे का अर्थ है-
(a) सबसे अलग रहना
(b) भक्ति भाव से दूर रहना
(c) हिसाब साफ रखना
(d) अपने काम से काम

**Q3.** निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(a) मैं रविवार को तुम्हारे घर आऊँगा
(b) हमने इस विषय पर विचार किया
(c) वह देर में सोकर उठता है
(d) सब लोग अपना-अपना काम करो

**Q4.** निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(a) आज वर्षा होने की संभावना है
(b) उसे देखकर मेरे आँसू निकल पड़ा
(c) मुझे एक फूलों की माला चाहिए
(d) मुझे केवल मात्र दस रुपये चाहिए

**Q5.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द एक तत्सम शब्द नहीं है?
(a) आशीष
(b) नींद
(c) अमृत
(d) अमावस्या

**Q6.** निम्नलिखित में से अशुद्ध शब्द का चयन कीजिए।
(a) चक्रव्यूह
(b) नास्तिक
(c) साप्ताहिक
(d) शुतरमुर्ग

**Q7.** निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन किजिए।
(a) समाधी
(b) अनधिकारी
(c) झाकना
(d) हृष्टपुष्ठ

**Q8.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में पुल्लिंग एवं स्त्रीलिंग शब्द युग्म सुमेलित नहीं है।
(a) शरीर – देह
(b) अनभिज्ञ- अनभिज्ञा
(c) सम्राट- सम्राटी
(d) तपस्वी- तपस्विनी

**Q9.** निम्नलिखित में से 'प्रचारक' शब्द के सही स्त्रीलिंग शब्द का चयन कीजिए।
(a) प्रचारकी
(b) प्रचारिणी
(c) प्रचारी
(d) प्रचारिकी

**Q10.** 'अज्ञ' शब्द का विलोम शब्द है-
(a) विज्ञ
(b) यज्ञ
(c) सर्वज्ञ
(d) अनज्ञ

**Q11.** 'वैमनस्य' शब्द का विलोम शब्द है-
(a) विमनस्य
(b) सौमनस्य
(c) सुनमस्य
(d) अवमनस्य

**Q12.** नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन सा शब्द 'अमृत' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) सुधा
(b) पीयूष
(c) वारि
(d) अमिय

**Q13.** 'तनु' का पर्यायवाची शब्द है-
(a) खटिया
(b) झील
(c) चन्द्रमा
(d) शरीर

**Q14.** 'मोर' का पर्यायवाची शब्द है-
(a) विशिख
(b) तड़ित
(c) कलापी
(d) विचक्षण

**Q15.** 'सबके समानधिकार पर विश्वास' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए।
(a) अधिकारी
(b) समाजवाद
(c) प्रगतिवाद
(d) अधिकारवाद

**Q16.** 'कम खर्च करने वाला' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए।
(a) मितव्ययी
(b) अज्ञेय
(c) एच्छिक
(d) गतानुगतिक

**Q17.** 'तुम्हारे मुह में घी-शक्कर' इस लोकोक्ति का अर्थ है-
(a) तुम्हारी बात सच हो
(b) अत्यंत प्रसन्न होना
(c) किसी की जम कर खुशामद करना
(d) किसी की इच्छानुसार कार्य करना

**Q18.** 'न तीन में न तेरह में' लोकोक्ति का अर्थ है-
(a) संख्या में बहुत कम होना
(b) न अधिक होना न ही कम होना
(c) महत्वहीन होना
(d) आलसी होना

**Q19.** 'उल्लेख' का सही संधि-विच्छेद है-
(a) उल् + लेख
(b) उ + आलेख
(c) उल्ल + लेख
(d) उत् + लेख

**Q20.** 'संलाप' शब्द के सही संधि-विच्छेद का चयन कीजिए-
(a) सत् + लाप
(b) सम् + लाप
(c) स: + अलाप
(d) सत् + अलाप

**Q21.** 'नैसर्गिक' का विलोम शब्द है-
(a) कृत्रिम
(b) कल्पिता
(c) सात्विक
(d) यथार्थ

**Q22.** 'पहाड़ के ऊपर की समतल भूमि' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए।
(a) उपत्यका
(b) अधित्यका
(c) शिरोधार्य
(d) क्षितिज

**Q23.** 'सम्राट' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है-
(a) सम्राटी
(b) सम्राटनी
(c) सम्राज्ञ
(d) सम्राज्ञी

**Q24.** 'विद्यार्थी' में कौन-सा समास है?
(a) तत्पुरुष
(b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि
(d) द्विगु

**Q25.** निम्न में से कौन सा व्यंजन महाप्राण है?
(a) क
(b) घ
(c) ग
(d) च

**Q26.** 'नायक' का सही संधि-विच्छेद क्या है-
(a) ना + अक
(b) नौ + अक
(c) ने + अक
(d) नै + अक

**Q27.** 'काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढती' लोकोक्ति का अर्थ है-
(a) बुरे दिन हमेशा नहीं रहते
(b) लकड़ी का बर्तन अग्नि से जल सकता है
(c) दुर्भाग्य की मार बार-बार नहीं होती
(d) छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता है

**Q28.** 'चाँदनी का पर्यायवाची शब्द नहीं है-
(a) चंद्रातप
(b) मयंक
(c) ज्योत्स्ना
(d) कौमुदी

**Q29.** 'यह नयी साड़ी है'। इस वाक्य में 'नयी' शब्द है-
(a) सर्वनाम
(b) क्रिया
(c) क्रिया-विशेषण
(d) विशेषण

**Q30.** निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध नहीं है?
(a) आगामी वर्ष मेरा भाई अमेरिका गया था
(b) बुराई सुनते-सुनते मेरे कान पक गए
(c) मेरी दादी ने मुझे कानपुर बुलाया है
(d) उनकी नजर में अमीर-गरीब बराबर हैं

## Solutions

**S1. Ans.(d)**
**Sol.** 'त्याज्य' का विलोम शब्द 'ग्राह्य' है।

**S2. Ans.(d)**
**Sol.** 'उधो का लेना न माधो को देना', मुहावरे का अर्थ है- 'अपने काम से काम'।

**S3. Ans.(c)**
**Sol.** वाक्य का शुद्ध रूप है- वह देर से सोकर उठता है।

**S4. Ans.(a)**
**Sol.** अन्य वाक्यों का शुद्ध रूप इस प्रकार है- उसे देखकर मेरे तो आँसू निकल पड़े। मुझे फूलों की एक माला चाहिए। मुझे मात्र दस रुपये चाहिए।

**S5. Ans.(b)**
**Sol.** आशीष, अमृत और अमावस्या तत्सम शब्द हैं। 'नींद' एक तद्भव शब्द है।

**S6. Ans.(d)**
**Sol.** शब्द की शुद्ध वर्तनी है- 'शुतुरमुर्ग'।

**S7. Ans.(b)**
**Sol.**अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी इस प्रकार हैं- 'समाधि', 'झाँकना' एवं 'हृष्टपुष्ट'।

**S8. Ans.(c)**
**Sol.** सही युग्म है- 'सम्राट- सम्राज्ञी'।

**S9. Ans.(b)**
**Sol.** 'प्रचारक' शब्द का सही स्त्रीलिंग शब्द 'प्रचारिणी' है।

**S10. Ans.(a)**
**Sol.** 'अज्ञ' शब्द का विलोम शब्द 'विज्ञ' है। 'अज्ञ' का अर्थ है- न जानने वाला, अज्ञानी।

**S11. Ans.(b)**
**Sol.** 'वैमनस्य' शब्द का विलोम शब्द है- 'सौमनस्य'।

**S12. Ans.(c)**
**Sol.** 'अमृत' के पर्यायवाची हैं - सुधा, पियूष, अमिय। 'वारि' के पर्यायवाची शब्द हैं – जल, पानी।

**S13. Ans.(d)**
**Sol.** 'तनु' का पर्यायवाची शब्द 'शरीर' है। 'तनु' के अन्य पर्यायवाची शब्द काया, कलेवर, अंग, गात, तन, शरीर, देह हैं।

**S14. Ans.(c)**
**Sol.** 'मोर' के पर्यायवाची शब्द हैं- मयूर, कलापी, नर्तकप्रिय, शिखि, मेहप्रिय, सितापांग।

**S15. Ans.(b)**
**Sol.** 'सबके समानधिकार पर विश्वास' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द 'समाजवाद' है।

**S16. Ans.(a)**
**Sol.** 'कम खर्च करने वाला' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द 'मितव्ययी' है।

**S17. Ans.(a)**
**Sol.** 'तुम्हारे' मुह में घी-शक्कर' इस लोकोक्ति का अर्थ है- 'तुम्हारी बात सच हो'।

**S18. Ans.(c)**
**Sol.** 'न तीन में न तेरह में' लोकोक्ति का अर्थ है- महत्वहीन होना।

**S19. Ans.(d)**
**Sol.** 'उल्लेख' का सही संधि-विच्छेद है- 'उत् + लेख'।

**S20. Ans.(d)**
**Sol.** 'संलाप' शब्द का सही संधि-विच्छेद है - सम् + लाप।

**S21. Ans.(a)**
**Sol.** 'नैसर्गिक' का विलोम शब्द 'कृत्रिम' है।

**S22. Ans.(a)**
**Sol.** 'पहाड़ के ऊपर की समतल भूमि' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द 'उपत्यका' है।

**S23. Ans.(d)**
**Sol.** 'सम्राट' शब्द का स्त्रीलिंग रूप 'सम्राज्ञी' है।

**S24. Ans.(a)**
**Sol.** 'विद्यार्थी' में तत्पुरुष समास है। तत्पुरुष समास = वह समास है जिसमें बाद का अथवा उत्तर पद प्रधान होता है तथा दोनों पदों के बीच का कारक-चिह्न लुप्त हो जाता है। जैसे -राजा का कुमार – राजकुमार, रचना को करने वाला – रचनाकार, गंगाजल - गंगा का जल।

**S25. Ans.(b)**
**Sol.** 'घ' एक महाप्राण व्यंजन है। महाप्राण व्यंजन -जिन वर्णों के उच्चारण में सांस की मात्रा अधिक लगानी पढ़ती है, उन्हें महाप्राण व्यंजन कहते हैं। प्रत्येक वर्ग का दूसरा और चौथा वर्ण (ख, घ, छ, ठ, ढ, थ, फ, भ) आदि महाप्राण हैं।

**S26. Ans.(d)**
**Sol.** 'नायक' का सही संधि-विच्छेद है- नै + अक।

**S27. Ans.(d)**
**Sol.** 'काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढती' लोकोक्ति का अर्थ है- छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता है।

**S28. Ans.(b)**
**Sol.** 'चाँदनी' के पर्यायवाची शब्द हैं- कौमुदी, ज्योत्स्ना, चंद्रिका, जुन्हाई, जोन्ह।

**S29.** Ans.(d)
**Sol.** 'यह नयी साड़ी है'। इस वाक्य में 'नयी' शब्द एक विशेषण है।

**S30. Ans.(a)**
**Sol.** यहाँ 'आगामी वर्ष मेरा भाई अमेरिका गया था' के स्थान पर 'आगामी वर्ष मेरा भाई अमेरिका जाएगा' का प्रयोग उचित है।